**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**<u>09.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे</u>**

## <u>"आज के मुख्य समाचार"</u>

- प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल से शिमला में होगा शुरू– 17 मार्च को पेश होगा अगले वित्त वर्ष का बजट।
- सत्र से पहले आज शिमला में हुई सर्वदलीय बैठक– विधानसभा अध्यक्ष ने सदस्यों से सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग का किया आह्वान।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा– जनहित से जुड़े सभी मुद्दों को विधानसभा में प्रमुखता से उठाएगा विपक्ष।
- चंबा जिले में एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत– तीन अन्य गंभीर रूप से घायल।

**अब समाचार विस्तार से**

**<u>बजट सत्र</u>**

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल से शिमला में शुरू होने जा रहा है, जो 28 मार्च तक चलेगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि सत्र के दौरान कुल 16 बैठकें होंगी। सत्र दोपहर बाद 2 बजे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। बजट सत्र को लेकर विधानसभा परिसर के आसपास सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता.................

**<u>डिस्पैच</u>**

*<u>28 मार्च तक चलने वाले इस बजट सत्र के दौरान कुल 16 बैठकें होंगी। सत्र कल दोपहर बाद 2 बजे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 17 मार्च को वित्त वर्ष 2025–26 का बजट सदन में पेश करेंगे और 26 मार्च को बजट पारित किया जाएगा। बजट सत्र के लिए 9 सौ 63 सवाल विधानसभा सदस्यों से मिले हैं, जिनमें 7 सौ 37 तारांकित जबकि 2 सौ 26 अतारांकित प्रश्न हैं। 22 व 27 मार्च के दिन गैर सरकारी कार्य सदस्य दिवस के लिए निर्धारित किए गए हैं।</u>*

## सर्वदलीय बैठक

बजट सत्र को लेकर शिमला स्थित विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आज सर्वदलीय बैठक हुई। इस बैठक में विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, विधायक सुखराम चौधरी और सत्ता पक्ष की ओर से संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान और उप–सचेतक केवल सिंह पठानिया मौजूद रहे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग का आहवान किया।

## जयराम ठाकुर

सर्वदलीय बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने बताया कि सत्र 20 दिन से घटाकर 16 दिन का रखा गया है, जो चर्चा के लिए नाकाफी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जनता से जुड़े सभी मुद्दों को सदन में जोरदार ढंग से उठाएगा।

जयराम ठाकुर ने कहा कि विपक्ष जनहित के मुद्दों के प्रति जवाबदेह है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों की वजह से प्रदेश के लोग परेशान हैं और आज हर वर्ग में असंतोष है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से लेकर कानून व्यवस्था पूरी तरह से तबाह है। नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि नशा एक महामारी बन गया है और कई युवा इसकी चपेट में आकर अपनी जान गंवा चुके हैं।

## हर्षवर्धन चौहान

वहीं दूसरी ओर संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि सरकार विपक्ष के सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि अधिक से अधिक विधायकों को अपने मुद्दों को सदन में उठाने का अवसर मिले।

## विधायक दल बैठक

विधानसभा के बजट सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक इस समय शिमला में चल रही है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में सत्र को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में भाजपा के हिमाचल प्रभारी श्रीकांत शर्मा व पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस विधायक दल कल सुबह विधानसभा सत्र को लेकर अपनी रणनीति तय करेगा।

## सुरक्षा व्यवस्था

बजट सत्र के लिए शिमला ज़िला प्रशासन ने विधानसभा परिसर के आसपास के क्षेत्र को 5 सैक्टरों में बांटा है। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने आज हुई एक बैठक में बताया कि सत्र के दौरान कानून व्यवस्था पर पैनी नज़र रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि सत्र के लिए व्यापक सुरक्षा योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस विभाग द्वारा ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी सहित अन्य माध्यमों से निगरानी की जाएगी।

## डक्ट निर्माण कार्य

शिमला शहर में अंडर ग्राउंड यूटिलिटी डक्टस के निर्माण पर करीब एक सौ 46 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके तहत सभी पेयजल आपूर्ति व विद्युत लाइनों सहित फाइवर केबल भूमिगत डक्ट में बिछाई जाएंगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने छोटा शिमला से विली पार्क तक बनाई जा रही यूटिलिटी डक्ट के कार्य का जायजा लिया। उन्होंने डक्ट के कार्य में विश्वस्तरीय गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्य से शहर के सौंदर्यीकरण में मदद मिलेगी।

## आयुष मंत्री

आयुष मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश का समग्र व संतुलित विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि इन्हीं प्रयासों के तहत मंडी ज़िले के बल्ह विधानसभा क्षेत्र के विकास में भी कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। वे आज रिवालसर में राज्य स्तरीय छेश्चू मेले के दौरान बोल रहे थे। यादविंदर गोमा ने नेरचौक में उपमंडल स्तरीय आयुर्वेदिक अधिकारी कार्यालय खोलने की घोषणा भी की। इस दौरान उन्होंने शोभा यात्रा में भी हिस्सा लिया।

## दुर्घटना

चंबा ज़िले में चंबा–पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर तुनुहट्टी के समीप आज दोपहर एक सड़क हादसे में 3 लोगों की मृत्यु हो गई। ये हादसा उस समय हुआ जब एक कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में 3 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ककीरा के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

**प्रश्न–पत्र**

चम्बा जिले की पांगी घाटी में बोर्ड परीक्षाओं के चलते नौवीं व ग्यारहवीं के प्रश्न–पत्र हेलीकाप्टर के माध्यम से आज पांगी पहुंचाए गए। इससे पूर्व, दसवीं और जमा दो के प्रश्न–पत्र हेलीकाप्टर के माध्यम से पिछले कल घाटी में पहुंचाए गए थे। पांगी के आवासीय आयुक्त रमन घरसंगी के अनुसार प्रश्न–पत्रों को परीक्षा केंद्रों तक पहुँचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि अधिक बर्फबारी वाले परीक्षा केंद्रों तक प्रश्न–पत्र नहीं पहुँच पाते हैं तो शिक्षा बोर्ड से परीक्षाएं स्थगित करने का आग्रह किया जाएगा।

**विद्युत सुरक्षा**

स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटिड इन दिनों प्रदेशभर में विद्युत सुरक्षा जागरूकता सप्ताह मना रहा है। इस दौरान विद्युत कर्मचारियों को अपनी सुरक्षा के बारे में अवगत करवाने सहित आम लोगों को भी अर्थिंग, आसमानी बिजली, घरेलू विद्युत करंट और अन्य विद्युत सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शिमला के समरहिल में विद्युत कर्मियों को जागरूक किया गया। तकनीकी कर्मियों से अपनी विद्युत सुरक्षा के लिए हैलमेंट, दस्ताने और अन्य सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करने के लिए कहा जा रहा है। विद्युत सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत कल अंतिम दिन विद्युत परिचालन जोन मंडी में जागरूकता बैठकें और शिविर आयोजित किए जाएंगे।

**स्वास्थ्य**

केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य के नए युग में प्रवेश कर चुका है और सरकार सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और किफायती बना रही है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 2014 में तीन सौ 80 थी जो 2024 में दोगुने से भी अधिक बढकर सात सौ 87 हो गई। उन्होंने कहा कि देशभर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स की संख्या भी छह से बढ़कर 22 हो गई है।

**अवैध खनन**

प्रदेश में अवैध खनन के खिलाफ विशेष अभियान के तहत इस वर्ष अब तक 7 सौ 19 मामलों में 21 लाख रुपये से अधिक का कम्पाउंडिंग शुल्क वसूला गया है। उद्योग विभाग के निदेशक यूनुस ने बताया कि विभाग अवैध खनन गतिविधियां रोकने सहित त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर कड़ी नजर रखी जा रही है लेकिन अभियान की सफलता के लिए जनता का सहयोग और सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है।

**<u>अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर</u>**

- प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल से शिमला में होगा शुरू– 17 मार्च को पेश होगा अगले वित्त वर्ष का बजट।
- सत्र से पहले आज शिमला में हुई सर्वदलीय बैठक– विधानसभा अध्यक्ष ने सदस्यों से सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग का किया आह्वान।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा– जनहित से जुड़े सभी मुद्दों को विधानसभा में प्रमुखता से उठाएगा विपक्ष।

- चंबा जिले में एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत– तीन अन्य गंभीर रूप से घायल।